**नाम ..............................** **अनुक्रमांक ................**

# वार्षिक परीक्षा, 2026

**HE/309** **हिन्दी**

**कक्षा—9**

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[ पूर्णांक : 70**

**निर्देश**–(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड-'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं, जिनके अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)** $20 \times 1 = 20$

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR उत्तर शीट पर अंकित कीजिए—**

1. **भारतेन्दु युग के लेखक नहीं हैं—**
   (A) प्रतापनारायण मिश्र (B) बालकृष्ण भट्ट
   (C) प्रेमचन्द (D) लाला श्रीनिवासदास

2. **द्विवेदी युग का नामकरण हुआ है—**
   (A) महावीरप्रसाद द्विवेदी के नाम पर (B) जयशंकर प्रसाद के नाम पर
   (C) हजारी प्रसाद द्विवेदी के नाम पर (D) रामकुमार वर्मा के नाम पर

3. **'गिल्लू' विधा है—**
   (A) रेखाचित्र (B) संस्मरण (C) जीवनी (D) कहानी

4. **'अंधेर नगरी' के रचनाकार हैं—**
   (A) प्रतापनारायण मिश्र (B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
   (C) रामकुमार वर्मा (D) हरिकृष्ण प्रेमी

5. **हिन्दी की प्रथम कहानी है—**
   (A) इन्दुमती (B) ममता (C) क्या लिखूँ (D) कोई नहीं

6. **'रामचन्द्रिका' के रचनाकार हैं—**
   (A) सूरदास (B) तुलसीदास (C) केशवदास (D) बिहारी

7. **पूर्वमध्य काल किस काल को कहा जाता है ?**
   (A) आदिकाल को (B) भक्ति काल को
   (C) रीतिकाल को (D) आधुनिक काल

8. **निम्न में कौन-से छायावादी कवि हैं ?**
(A) जयशंकर प्रसाद (B) महादेवी वर्मा
(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (D) इनमें से सभी

P.T.O.

9. **'उर्वशी' के रचनाकार हैं—**
(A) डॉ० धर्मवीर भारती (B) भवानीप्रसाद मिश्र
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) अज्ञेय

10. **निम्न में भक्तिकालीन कवि हैं—**
(A) कबीर (B) जयशंकर प्रसाद
(C) बिहारी (D) सुभद्रा कुमारी चौहान

11. **कठिन कार्य को करने का वर्णन जहाँ पर होता है वहाँ रस है—**
(A) वीर (B) शृंगार (C) करुण (D) हास्य

12. **'सुरुचि सुवास सरस अनुरागा।' में अलंकार है—**
(A) यमक (B) अनुप्रास (C) श्लेष (D) उपमा

13. **किस छन्द के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं ?**
(A) चौपाई (B) दोहा (C) सोरठा (D) रोला

14. **कौन-सी वर्तनी शुद्ध है ?**
(A) आपचारिक (B) औपचारिक (C) अपचारिक (D) कोई नहीं

15. **'कुक्कुर' शब्द का तद्भव है—**
(A) कार्य (B) कुत्ता (C) कुकर्म (D) कुकर

16. **'मूल्यवान' का विलोम है—**
(A) अमूल्य (B) महँगी (C) कीमती (D) सस्ती

17. **'उपराज' में समास है—**
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) कर्मधारय (D) द्विगु

18. **'नायकः' का सन्धि-विच्छेद है—**
(A) नै + अकः (B) नौ + अकः (C) नय + अकः (D) न + अकः

19. **'रामैः' शब्द किस विभक्ति व वचन का रूप है ?**
(A) प्रथमा एकवचन (B) तृतीया बहुवचन
(C) द्वितीया एकवचन (D) चतुर्थी एकवचन

20. **'कृ' धातु लङ् लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप है—**
(A) अकरोत् (B) अकुर्वन् (C) अकुर्वन् (D) अकुरुथ

## खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

21. **अधोलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 2+2+2=6

आज उस दिन की बात याद करके मुझे ग्लानि हो रही है, उसे प्रकट नहीं कर सकता। मैं उसे खोज वह कुछ लेगा नहीं, यह जानता हूँ, उसका जन्म यशवर्षा करने के लिए हुआ है। उसकी सज्जनता ने मुझे ऐसा आदर्श दिखा दिया है जो अब से जीवन-पर्यन्त मेरे सामने रहेगा।

(i) उपर्युक्त गद्यखण्ड के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित गद्यांश की व्याख्या कीजिए।

(iii) ग्लानि किसको हो रही है ?

किसी लकीर को मिटाये बिना छोटी बना देने का उपाय है बड़ी लकीर खींच देना। क्षुद्र अहम्िकाअ सही उपाय है बड़े सत्य को प्रत्यक्ष कर देना। गुरु नानक ने यही किया। उन्होंने जनता को बड़े से बड़े सत्य के सम्मुखीन कर दिया। हज़ारों दीये उस महाज्योति के सामने स्वयं फीके पड़ गये।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) हज़ारों दीये किसके सामने स्वयं फीके पड़ गये ?

22. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** 2 + 2 + 2 = 6

**(क)** चारु चन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है, अवनि और अम्बर तल में।
पुलक प्रकट करती है धरती, हरित तृणों की नोकों से,
मानो झूम रहे हैं तरु भी, मंद पवन के झोंकों से॥

(i) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें' में कौन-सा अलंकार है ?

**अथवा**

**(ख)** इड़ा उठी, दिख पड़ा राज-पथ, धुंधली-सी छाया चलती,
वाणी में भी करुण वेदना, वह पुकार जैसी जलती।
शिथिल शरीर वसन विश्रृंखल, कबरी अधिक अधोर खुली,
छिन्न पत्र मकरन्द लुटी-सी, ज्यों मुरझायी हुई कली।

(i) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) इड़ा ने जब श्रद्धा को देखा तो उसकी दशा कैसी थी ?

23. **(क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** 1 + 3 = 4

**(i)** विश्व विश्रुत: स्वामी विवेकानन्द: अस्यैव महाभागस्य शिष्य: आसीत्। तेन न केवलं भारतवर्षे अपितु पाश्चात्य देशेष्वपि व्यापकस्य मानव धर्मस्य डिण्डिमघोष: कृत:। तेन अन्यैश्च शिष्यै : जनानां कल्याणार्थं स्थाने-स्थाने रामकृष्ण सेवाश्रमा : स्थापिता :। ईश्वरानुभव: दु :खितानां जनानां सेवया पुष्यति, इति रामकृष्णस्य महान सन्देश:।

**अथवा**

**(ii)** अनन्तरं श्रीकृष्णं गोपालै: सह वनं गत्वा गा: चारयति, तत्र च वेणुं वादयति, अनेन सर्वा: गाव: गोपालाश्च सर्वाणि कार्याणि...

**(ख) दिए गए संस्कृत पद्यांश में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** 1 + 3 = 4

वरमेको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतैरपि।
एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणैरपि॥

**अथवा**

बुद्धिमान् नीतिमान् वाग्मी श्रीमाँच्छत्रुनिबर्हण:।
विपुलांसो महाबाहु: कम्बुग्रीवो महाहनु:॥

**'दीपदान' एकांकी के आधार पर पन्नाधाय का चरित्र-चित्रण कीजिए।** 5

**अथवा**

लक्ष्मी का स्वागत एकांकी का सारांश लिखिए।

**(क) दिए गए लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना लिखिए।** 1+3=4

(i) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) महादेवी वर्मा (iii) धर्मवीर भारती

**(ख) दिए गए कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए।** 1+3=4

(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) कबीर दास

**अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।** 3

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिए।** 2+2=4

(i) क्रोधं केन जयेत् ? (ii) स्वामी विवेकानन्द: कस्य शिष्य: आसीत् ?
(iii) रामदास: कुत्र निवसति ? (iv) श्रीकृष्ण: क: आसीत् ?

**निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** 1+1=2

(i) अंगूर खट्टे होना (ii) गागर में सागर भरना

(iii) घड़ों पानी पड़ना (iv) खून खौलना

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।** 2+2=4

(i) हम सब विद्यालय जाते हैं। (ii) तुम यह पुस्तक पढ़ते हो।

(iii) वे सब कहाँ जाते हैं। (iv) घोड़ा वहाँ दौड़ता है।

**घर के विवाहोत्सव में सम्मिलित होने के लिए प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए।** 6

**अथवा**

शहर की सफाई हेतु मुख्य नगर अधिकारी को पत्र लिखिए !

⋆ ⋆ ⋆ ⋆ ⋆